हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, रविवार, 17 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 24.5 डिग्री
न्यूनतम 6.4 डिग्री

15 मांगों को लेकर सीएम से मिले समिति सदस्य, जल्द समाधान का मिला आश्वासन



16 मोदी की गारंटी वैन पर भरोसा जता रहे लाभार्थी ...



## खबर संक्षेप

### फेरी लगाने वाले की सामान सहित बाइक चोरी

**बावल।** नैचाना रोड पर किराए के मकान में रहने वाले एक फेरी वाले की बाइक सामान सहित चोरी हो गई। मूल रूप से यूपी निवासी रिजवान ने पुलिस शिकायत में बताया कि उसकी बाइक पर हजारों रुपये के बर्तन टंगे हुए थे। बाइक उसने अपने कमरे में खड़ी की थी। रात के समय चोर बर्तनों समेत बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### मामड़िया ठेठर से नलकूप की केबल चोरी

**कुंड।** मामड़िया ठेठर में चोर एक किसान के नलकूप से बिजली की केबल चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में किसान अमित कुमार ने बताया कि सुबह के समय जब वह अपने कुएं पर मोटर चलाने के लिए गया, तो मोटर की करीब 90 मीटर केबल गायब मिली। आसपास पता करने के बाद भी केबल का कोई पता नहीं चला। थाना खोल पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### महिला के साथ मारपीट करने का लगाया आरोप

**नाहड़।** लूखी में एक महिला के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में संतोष देवी ने बताया कि वह पंचायती खाली जमीन में पशु बांधती है। गांव का रविंद्र पशुओं के खूंटे उखाड़ रहा था। मना करने पर उसने परिवार के तीन अन्य सदस्यों के साथ मारपीट करना शुरू कर किया। पड़ोस के लोगों ने उसे छुड़वाया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### कोर्ट से घोषित पीओ पुलिस गिरफ्त में

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए जा चुके एक पीओ को गिरफ्तार किया है। कोर्ट ने एक मामले में बुड़ाना निवासी सतीश कुमार को पीओ घोषित किया था। कोर्ट ने उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए थे। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### गोकशी अधिनियम के तहत आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** कसोला पुलिस ने गोकशी अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गत वर्ष 17 जुलाई को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। एक वाहन में निर्ममता से भरे गोवंश को मुक्त कराने के बाद पुलिस ने यह केस दर्ज किया था। इस मामले में फरार चल रहे राजस्थान के शेखपुर अहीर निवासी फकरू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### मारपीट व धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। महेश्वरी में हुए मारपीट के मामले में पीड़ित के बयान पर पुलिस ने 14 दिसंबर को केस दर्ज किया था। इस केस में पुलिस ने महेश्वरी निवासी ओम को गिरफ्तार किया है। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### उद्घोषित अपराधी को भेजा गया जेल

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने उद्घोषित अपराधी को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया। कोर्ट ने राजस्थान के पथीना निवासी निक्की पुत्र श्यामलाल को लगातार अनुपस्थित रहने के कारण पीओ घोषित कर दिया था। कोर्ट ने उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश जारी किए थे। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया।

### बीच सड़क में बस के खराब होने पर उतारनी पड़ीं सवारियां

# सरकुलर रोड पर रोडवेज का पहिया जाम, गढ़ी बोलनी रोड तक लगा जाम

- समय पर मेंटिनेंस नहीं होने से ब्रेकडाउन हो रही रोडवेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शनिवार को बस स्टैंड से सवारियों को लेकर नानूकलां के लिए रवाना हुई हरियाणा रोडवेज आधा किलोमीटर चलने पर ही जवाब दे गई। रोडवेज का सरकुलर रोड पर बीएमजी मॉल के पास अगला पहिया जाम हो गया। ड्राइवर के काफी देर तक मशक्कत करने के बाद भी बस आगे नहीं चल पाई, जिसके बाद चालक को वर्कशॉप से मिस्त्री बुलाना पड़ा। रोडवेज की काफी बसें कंडम हालत में है, जिनकों कम दूरी के रूट पर काम में लिया जा रहा है, लेकिन यह बसें इन रूटों पर भी यात्रियों के लिए परेशानी बन रही है। बसों की सर्विस और मेंटिनेंस से ज्यादा कमाई पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है। पहले भी काफी बार रोडवेज बीच सड़क पर खराब होकर धोखा दे चुकी है।





रेवाड़ी। सरकुलर रोड पर खड़ी रोडवेज, बस खराब होने पर चालक से बात करते हुए परिचालक। फोटो :हरिभूमि

### पहले भी कई बार खराब हो चुकी बसें

कांट्रैक्स बेस पर चल रही रोडवेज की भी ऑपरेटर समय पर सर्विस और मेंटिनेंस नहीं करा रहे हैं। इन बसों के कारण कई बार हादसे भी हो चुके हैं। बसों का बीच रास्ते में ब्रेकडाउन हो जाना यात्रियों के लिए मुसीबत बन गया है। गत माह में बस स्टैंड से जयपुर के लिए चली एक कांट्रैक्ट बस करीब एक किलोमीटर का सफर तय करने के बाद ही खराब हो गई। दूसरी बस आने तक लोगों को सड़क पर काफी देर तक इंतजार कराना पड़ा।



सरकुलर रोड पर लगा जाम



रेवाड़ी। सरकुलर रोड पर खड़ी रोडवेज, बस खराब होने पर चालक से बात करते हुए परिचालक। फोटो :हरिभूमि

#### रोडवेज बेडे में कुल 134 बसें

रोडवेज के पास अभी कुल 134 बसें है, जिनमें से 35 किलोमीटर स्कीम की बसें है। नई व सही हालत में मौजूद बसों को लंबे रूट पर चलाया जा रहा है। पुरानी हो चुकी बसों को गुरुग्राम, कोसली, जाटूसाना, पटौदी, नारनौल व महेन्द्रगढ़ के कमी दूरी के रूट पर चलाया जा रहा है, जिनमें काफी बसें मेंटिनेंस के अभाव में बीच सड़क में खराब होकर यात्रियों के लिए परेशानी बन रही है।

#### बस खराब होने से लगा लंबा जाम

शनिवार को सरकुलर रोड पर बीच सड़क में बस के खराब होने से दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। काफी मशक्कत के बाद चालक ने बस को थोड़ा साइड में करके खड़ा किया और वर्कशॉप में फोन करके सूचना दी। बस के सड़क पर खड़े रहने से बीएमजी मॉल से धारूहेड़ा चुंगी व दूसरी ओर अंबेडकर चौक से गढ़ी बोलनी रोड तक जाम लग गया। करीब एक घंटे तक वाहन जाम में फंसे रहे।

#### बसों की नहीं हो रही नियमित रूप से जांच

रोडवेज बसों की नियमित रूप से जांच नहीं होने पर यह सफर के दौरान यात्रियों के लिए परेशानी पैदा कर रही हैं। बीच सड़क में खराब होने पर बसें हादसे को न्योता भी दे रही है। इस तरह की समस्या होने के बाद कुछ दिनों तक सभी बसों की जांच पर विशेष जोर दिया जाता है। बाद में मामला ठंडा बस्ते में चला जाता है। समय पर मेंटिनेंस और सर्विस नहीं होने के कारण इन बसों में अक्सर तकनीकी खराबी आती रहती हैं, जो यात्रियों के लिए आफत साबित होती हैं।

### पैरोल मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की विद्रोही की याचिका

**रेवाड़ी।** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही की ओर दायर गुरमीत राम रहीम और जेल में सजा काट रहे प्रभावशाली लोगों को मनमाने ढंग से पैरोल दिए जाने संबंधी पीआईएल को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने इस मसले को लेकर हाईकोर्ट जाने की सलाह दी है। याचिका खारिज पर निराशा जाहिर करते हुए एक बयान में विद्रोही ने कहा कि जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच ने टिप्पणी करते हुए उनके मुद्दे को सही ठहराया, परंतु साथ ही कहा कि सुप्रीम कोर्ट एक व्यक्ति विशेष के खिलाफ दायर याचिका पर विचार नहीं कर सकता। बैंच ने उन्हें हाईकोर्ट जाने की सलाह दी। विद्रोही ने कहा कि याचिका खारिज होने से उन्हें निराशा का सामना करना पड़ा है। उनका मकसद याचिका के जरिए उन लोगों को अनावश्यक पैरोल देने पर रोक लगवाना था, जिन्हें राजनीतिक लाभ के लिए बार-बार जेलों से बाहर निकाला जाता है।

## प्राइवेट प्ले स्कूलों का पंजीकरण अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

- बिना पंजीकरण चल रहे प्ले स्कूलों पर विभागीय कार्यवाही की जाएगी : शालू

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से प्राइवेट प्ले स्कूलों का पंजीकरण किया जा रहा है। विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव ने बताया कि विभाग की ओर से जिले में 6 निजी प्ले स्कूल का पंजीकरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग व महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जारी गाइडलाइन के अनुसार सभी निजी प्ले स्कूलों को पंजीकरण कराना अनिवार्य है। बिना पंजीकरण चल रहे प्ले स्कूलों पर विभागीय कार्यवाही की जाएगी। प्ले स्कूल संचालकों को गाइडलाइन के अनुसार आवेदन पुराना डीसी ऑफिस, मॉडल टॉउन, जिला कार्यक्रम आधिकारी महिला एवं बाल विकास कार्यालय में किया जा सकता है। प्ले स्कूल को कक्षा में 20 बच्चों पर एक अध्यापक और एक केयरटेकर रखना जरूरी है। स्कूल में विश्राम कक्ष, लड़के व लडकियों के लिए चाइल्ड फ्रेंडली शौचालय जरूरी है। खेलकूद गातिविधियों के लिए प्ले ग्राउंड व सीसीटीवी कैमरा होना भी अनिवार्य है। वर्तमान समय में विभाग द्वारा निजी प्ले स्कूलों के पंजीकरण के लिए किसी भी प्रकार की फीस नहीं ली जा रही है।

### स्टेट क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप के लिए ट्रायल स्पर्धा 20 को


**नाहड़।** गवर्नमेंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल कनोह हिसार में 31 दिसंबर को 38वीं हरियाणा राज्य क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा, जिसके सिलेक्शन के लिए जिले की ट्रायल प्रतियोगिता 20 दिसंबर को गांव कारोली गांव में आयोजित होगी। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव, कोच विशाल यादव व विकास पूनिया ने बताया कि प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी 31 दिसंबर को राज्य क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। ट्रायल में अंडर-16, अंडर-18, अंडर-20 तथा ओपन में लड़के व लड़कियां भाग ले सकती हैं। सभी खिलाड़ियों को अपने साथ एक फोटो, आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र साथ लाना होगा।

## शादी में गए बिजली कर्मचारियों को पीटा, नहीं पहुंची पुलिस

- घायल कर्मचारियों को अस्पताल में दाखिल करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

कसोला चौक के निकट एक समारोह स्थल में सहकर्मी की बेटी की शादी में कन्यादान करने के लिए गए बिजली निगम के पांच कर्मचारियों से कुछ लोगों ने जमकर मारपीट की। उनकी गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। आरोप है कि डायल-112 पर कॉल करने के बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। घायल कर्मचारियों को अस्पताल में दाखिल कराया है। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।



रेवाड़ी। कार की सीट पर पड़े शीशे के टुकड़े, जानकारी देते हुए मंजीत।

बिजली निगम के झज्जर रोड कार्यालय में कार्यरत मंजीत ने बताया कि वह मनोज व अपने तीन साथियों को कार में लेकर सहकर्मी की बेटी की शादी में कन्यादान करने के लिए कसोला चौक के पास समारोह स्थल पर गया था। वहां कुछ लोगों ने गाड़ी पार्क करते समय झगड़ा करना शुरू कर दिया। इन लोगों उनके साथ जमकर मारपीट करते हुए गाड़ी के शीशे तोड़ दिए। मंजीत ने आरोप लगाया कि मारपीट शुरू करते हुए उसने डायल-112 पर पुलिस को कॉल की, परंतु पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। मारपीट में उसे और उसके साथियों को काफी चोटें आई हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर घायलों के बयान दर्ज किए।

### घर में घुसकर परिवार को पीटने का आरोप, एसपी के आदेश पर केस दर्ज

**बावल।** धारण गांव में करीब एक माह पूर्व घर में घुसकर महिला व उसके परिजनों के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने 8 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। शिकायत मिलने के बाद एसपी के आदेश पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एसपी को दर्ज शिकायत में महिला मीना देवी ने आरोप लगाया कि गत 22 नवंबर को मिट्ठन, अनिल, भैंरू, गजेंद्र, अज्जू, अभिषेक, तेजू व पारस आदि उसके मकान में घुस गए। इन लोगों ने पहले उसके पति के साथ मारपीट की। जब वह बचाव कराने लगी तो उसके साथ भी दुर्व्यवहार करते हुए मारपीट की। इन लोगों ने परिवार के दूसरे लोगों और एक पड़ौसी को भी पीटकर घायल कर दिया। महिला ने बताया कि घटना के समय पुलिस कंट्रोल रूम को फोन करने के बाद ईआरवी मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने ही घायलों को अस्पताल पहुंचाया, परंतु पुलिस ने उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की। एसपी ने पत्र को कार्रवाई के लिए बावल पुलिस स्टेशन भेज दिया।

## यौन शोषण को रोकने के लिए कई कठोर कानून: सीजेएम

- जिला वैकल्पिक समाधान केंद्र में हुआ कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। कार्यशाला में जानकारी देती सीजेएम वर्षा जैन। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला, जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विमल कुमार के मार्गदर्शन व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वर्षा जैन की देखरेख में शनिवार को जिला वैकल्पिक समाधान केंद्र रेवाड़ी में महिलाओं के कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सीजेएम वर्षा जैन, हरीश शर्मा डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, यशपाल शर्मा डिप्टी चीफ लीगल डिफेंस काउंसिल, अजय यादव, सहायक, लीगल एड डिफेंस काउंसिल व सरिता चुग रिटायर्ड डिस्टिक एंड सेशन कोर्ट रीडर उपस्थित थे। इस अवसर पर सीजेएम जैन ने कहा कि महिलाओं से सम्मान पूर्वक वातालाप करना चाहिए तथा उनके साथ कोई भी ऐसा मजाक नहीं करना चाहिए जो उनके मन मस्तिष्क को ठेस पहुंचाए। सेक्सुअल फेवर की चाहत रखना यौन उत्पीड़न है। वर्कप्लेस या दफ्तर में महिलाओं के साथ होने वाली यौन शोषण की घटनाओं को रोकने के लिए कई कठोर कानून मौजूद हैं। कार्यस्थल पर महिलाओं के वर्कप्लेस को सुरक्षित बनाने के लिए महिलाओं को कई अधिकार दिए गए हैं। ऐसे में अगर आप भी सेक्शुअल हैरेसमेंट का शिकार हो रहे हैं तो खुद को बचाने के लिए आप इसकी शिकायत कर सकते हैं। इसके लिए हर विभाग में इंटरनेट कंप्लेंट समितियां बनी होती है, जहां पर पीड़ित अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है तथा पीड़िता उनसे मदद मांग सकती है। हरीश शर्मा ने पैनल अधिवक्ताओं व स्वयं विधिक सेवकों को बताया कि अश्लील इशारे करना, अश्लील मैसेज भेजना या फिर अश्लील तस्वीरें या साहित्य दिखाना यौन उत्पीड़न की श्रेणी में आता है। महिला कर्मचारी इसकी शिकायत विभाग में मौजूद आईसीसी कमेटी में कर सकती है। अजय यादव ने बताया कि महिला के न कहने के बाद भी उससे सेक्सुअल फेवर चाहना और जबरदस्ती करना यौन उत्पीड़न है। सरिता चुग ने बताया की पुरुष और महिला को समान अधिकार है, यदि कोई महिला गलत शिकायत भी करती है तो भी पुरुष को इंटरनल कंप्लेंट्स कमिटी में अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है। उन्होंने कार्यस्थल पर सौहार्दपूर्ण माहौल बनाने पर जोर दिया। कार्यशाला में सभी पैनल अधिवक्तागण, सभी पैरा लीगल वॉलेंटियर्स आदि मौजूद रहे।

**प्रतियोगिता** | बाल भवन में आयोजित हुए पांच दिवसीय राज्य स्तरीय बाल महोत्सव

## राज स्कूल ने स्टेट लेवल बाल महोत्सव में 11 प्रतियोगिताओं में पुरस्कार जीतकर परचम लहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला बाल कल्याण परिषद् की ओर से बाल भवन में आयोजित हुए पांच दिवसीय राज्य स्तरीय बाल महोत्सव में पूरे हरियाणा से जिला और जोनल स्तर पर प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहने वाले विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें विभिन्न प्रकार की 46 प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। राज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने 19 प्रतियोगिताओं में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और 6 प्रतियोगिताओं में प्रथम, 2 प्रतियोगिताओं में द्वितीय व 3 प्रतियोगिताओं में तृतीय स्थान प्राप्त किया। बेहतरीन प्रदर्शन पर स्कूल में निदेशक नवीन सैनी, जितेंदर सैनी, हेमंत सैनी और उपप्रधानाचार्य निधि सैनी ने बच्चों को सम्मानित किया और अच्छे भविष्य की कामना की। इस अवसर पर चेयरमैन राजेंद्र सैनी ने बच्चों एवं उनके एक्टिविटी इंचार्ज रीमा, सोनाली, रिया, निशा यादव एवं प्रशिक्षक विवेक भारद्वाज, नवीन भारद्वाज, रोहित चतुवेर्दी, मनोज, अभिलाष, मदन, अभिषेक, वैशाली व मंजू को बधाई दी।



रेवाड़ी। ग्रुप डांस की प्रस्तुति देते हुए टीम। फोटो :हरिभूमि

#### इस प्रकार रहे बच्चों के परिणाम

ग्रुप डांस ग्रुप-1 में प्रथम, सोलो डांस ग्रुप-2 में हिमानी ने प्रथम, फन गेम्स ग्रुप-3 में निधि ने प्रथम, ग्रुप डांस ग्रुप-4 में प्रथम, स्केचिंग ऑन दा स्पॉट ग्रुप-3 में दिविज द्वितीय, पोस्टर मेकिंग ग्रुप-3 में समीक्षा ने तृतीय, पोस्टर मेकिंग ग्रुप-3 में यशस्वी ने तृतीय, सोलो सांग ग्रुप-2 में मानवी प्रथम, वन एक्ट प्ले ग्रुप-4 में द्वितीय, क्विज कांटेस्ट ग्रुप-2 में प्रथम व बेस्ट ड्रामेबाज ग्रुप-1 में जिग्नेश ने तृतीय रही।



रेवाड़ी। सोलो डांस की विजेता हिमानी।

## बंद डाकसेवा बहाल कराने की मांग

- केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रेलवे जंक्शन के माल गोदाम के पास रेलवे मेल सर्विस के डाकघर को भारतीय डाक विभाग ने बंद करते हुए गुरूग्राम में मर्ज कर दिया है। प्रबुद्ध लोगों ने देश की आजादी से पहले बने इस डाकघर को फिर से बहाल कराने के लिए केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह से गुहार लगाई है। डाकघर पर 1 दिसंबर से ताला लटका हुआ है। अजय कुमार, दिनेश कुमार, रविंद्र, जयकिशन, दयानंद व अनिल आदि ने बताया कि दशकों पुराने इस डाकघर से स्टेशन के आसपास के लोगों को डाक सेवाएं मिलती थीं। डाक विभाग ने इस डाकघर को बंद कर दिया है। स्टाफ को दूसरी जगह भेज दिया गया है। डाकघर बंद होने से कई कॉलोनियों के लोगों को डाक सेवाओं के लिए दूर जाना पड़ेगा। सामाजिक संगठनों ने भी डाकघर को बंद करने का विरोध जताते हुए केंद्रीय मंत्री से मांग की है कि इसे फिर से शुरू कराया जाए।



रेवाड़ी। रेलवे स्टेशन के निकट पुराने डाकघर पर लटका ताला।

इक्विटी, डेट और गोल्ड के सही बैलेंस से मिलेगा हाई रिटर्न, राजनीतिक निरंतरता भी बाजार के आत्मविश्वास को बढ़ा रही

# अगले साल के लिए ऐसा बनाएं पोर्टफोलियो, रहेंगे फायदे में

- वर्तमान वैल्युएशन पर, लार्जकैप में मिडकैप और स्मॉलकैप की तुलना में अधिक सेफ्टी मार्जिन
- शेयर बाजार रोज नए रिकॉर्ड बना रहा, सभी फंडों में दिख रहा उछाल, दे सकता है बढ़िया रिटर्न
- बाजार की लेटेस्ट रैली में सेंसेक्स 70500 के लेवल से पार गया, निवेशकों ने करोड़ों कमाए
- निफ्टी भी 21150 के पार निकला और लाखों निवेशकों को दे गया अच्छा मुनाफा

बिजनेस डेस्क

अगर आप निवेशक हैं या निवेश करने जा रहे हैं और अगले साल अच्छा मुनाफा चाहते हैं जो कुछ बातें पल्ले गांठ बांध लें और निवेश के लिए तैयार हो जाएं। अपने पोर्टफोलियों को इक्विटी, डेट और गोल्ड के सही बैलेंस से मजबूत बना लें और अच्छा मुनाफा कमाने के लिए तैयार हो जाएं। इससे आपको हाई रिटर्न मिलेगा और आप आसानी से मालामाल हो जाएंगे। राजनीतिक निरंतरता भी बाजार के आत्मविश्वास को बढ़ा रही हैं। जो निवेशकों के लिए बेहद फायदेमंद हैं। तो आप भी निवेश के लिए तैयार हो जाएं और नए साल से पहले अपने पोर्टफोलियो को रीबैलेंस करने के बारे में विचार करें। वैसे भी शेयर बाजार रोज नए रिकॉर्ड बना रहा है।

बाजार की लेटेस्ट रैली में सेंसेक्स 70500 के लेवल को पार कर गया तो निफ्टी भी 21150 के पार निकल गया। साल 2023 में दोनों इंडेक्स में 16 से 17 फीसदी तेजी आई है। ऐसे में बाजार का वैल्युएशन एक चिंता वाली बात है। इसलिए नए साल के पहले अलग-अलग एसेट क्लास मसलन इक्विटी, डेट और गोल्ड में अपना पैसा बैलेंस तरीके अलोकेट करना चाहिए, ताकि पोर्टफोलियो को डाइवर्सिफाइड तरीके से मजबूत किया जा सके। साथ ही आने वाले दिनों में रिस्क कम करते हुए बेहतर रिटर्न हासिल हो सके। बाजार के जानकारों का कहना है कि इस साल आप सधी शुरूआत के साथ बाजार में उतरेंगे और अपनी रिस्क क्षमता के साथ सावधानीपूर्वक बाजार का मंथन कर निवेश करेंगे तो बेहद कम समय में ही मालामाल होकर अपने भविष्य को आर्थिक रूप से सुरक्षित कर लेंगे। इस रिपोर्ट में हम आपको कुछ ऐसे ही ऐसेट्स बताएंगे जो आपको निवेश करने में काफी मददगार साबित हो सकते हैं। हलांकि बाजार में उतार-चढ़ाव तो बना ही रहता है।

## अभी किस एसेट पर क्या व्यू

- इक्विटीः ओवरवेट - बेहतर मैक्रो के चलते बाजार में रहेगी तेजी
- डेट : न्यूट्रल
- गोल्ड : न्यूट्रल
- **इक्विटीः** रैली बनाए रखने पर बाजार की नजर

कई ब्रोकरेज हाउस के अनुसार फेवरेबल मैक्रोज के चलते बाजार की अभी एक और रैली पर नजर है। ओवरआल इक्विटी मार्केट के पक्ष में मैक्रोइकोनॉमिक आउटलुक में बदलाव के कारण नवंबर 2023 भारतीय इक्विटी मार्केट के लिए एक रिकवरी महीना साबित हुआ, जिसके चलते निफ्टी ने 1 दिसंबर, 2023 को 20,268 के आल टाइम हाई को टच कर लिया और निवेशकों को बेहतर मार्जन दिया। कई मैक्रोइकोनॉमिक पैरामीटर्स में सुधार से मसलन, अमेरिका में 10-साल की बॉन्ड यील्ड में कूल-ऑफ, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, हाई-फ्रीक्वेंसी इंडीकेटर्स में सुधार, क्यू-2एफवाई-24 में मजबूत अर्निंग, और राज्य चुनावों में सत्ताधारी दल के बेहतर प्रदर्शन। सभी चीजें बाजार के अनुकूल दिखाई दे रही हैं। ऐसे में निवेशकों को घबराना नहीं चाहिए। हालांकि थोड़े लंबे समय के लिए निवेश करना चाहिए।

## निफ्टी के लिए बड़ा टारगेट

कुछ ब्रोकरेज हाउस का कहना है कि वर्तमान वैल्युएशन पर, लार्जकैप में मिडकैप और स्मॉलकैप की तुलना में अधिक सेफ्टी मार्जिन दिख रहा है। बहरहाल, ब्रॉडर इंडियन मार्केट की लॉन्ग टर्म स्टोरी आकर्षक बनी हुई है और इस संदर्भ में,



'ग्रोथ ऐट ए रीजनेबल प्राइस' थीम अभी के माहौल में आकर्षक लग रही है। ब्रोकरेज ने दिसंबर 2024 के लिए निफ्टी का टारगेट बढ़ाकर 23,000 कर दिया है। यह और निवेशकों को लुभाने वाली बात है।

## अर्थव्यवस्था में जारी रहेगी मजबूती

विधानसभा चुनावों में 4 प्रमुख राज्यों में से 3 में भाजपा के धमाकेदार प्रदर्शन के बाद यह मैक्रोइकोनॉमिक नैरेटिव और मजबूत हुआ है। 2024 के आम चुनावों में राजनीतिक निरंतरता की इस कहानी ने बाजार के आत्मविश्वास को और बढ़ा दिया है। इससे नीतिगत निरंतरता पर विजिबिलिटी भी बढ़ी है, जिससे घरेलू अर्थव्यवस्था को अपनी विकास गति को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। पिछले कुछ महीनों में मिडकैप और स्मॉलकैप की मजबूत पकड़ के साथ, हमारा मानना है कि लार्जकैप की तुलना में कुछ पॉकेट्स में मौजूदा स्तरों पर सेफ्टी मार्जिन कम हो गया है। जानकारों का कहना है कि अर्थव्यवस्था मजबूत रहेगी।

## कहां व कितना करें निवेश

| परिसंपत्ति | जोखिम | रुढ़िवादी | | थोड़ा अग्रेसिव | |
|---|---|---|---|---|---|
| इक्विटी | 0% | 20% | 50% | 70% | 90% |
| सोना | 70% | 70% | 35% | 15% | 5% |
| ऋण | 30% | 10% | 15% | 15% | 5% |
| कुल | 100% | 100% | 100% | 100% | 100% |

## सोनाः 'गिरावट पर खरीदें'



गोल्ड पर ब्रोकरेज हाउस ने न्यूट्रल स्टांस जारी रखा है और 'गिरावट पर खरीदारी' की रणनीति की सलाह दी है। इससे आपको अगले साल बेहतर रिटर्न मिल सकता है। स्वर्ण बाजार के जानकारों का मानना है कि अगने साल सोना 65 से 70 हजार प्रति दस ग्राम तक के स्तर को भी छू सकता है। गोल्ड में निवेशकों को अच्छा मार्जन मिलने के संकेत मिल रहे हैं। वहीं, कहा भी जाता है कि सोने में निवेश सबसे सुरक्षित है। हालांकि जानकार सोने को गिरावट के बाद ही खरीदने की सलाह दे रहे हैं।

## बॉन्ड मार्केट

ब्रोकरेज हाउस ने जोखिम उठाने की क्षमता के आधार पर कुछ नोन-एएए एक्सपोजर वाले बॉन्ड के लिए क्वालिटी अप्रोच का रिकमेंडेशन करते हैं।

## करंसी मार्केट को डायरेक्शन देने वाले इवेंट

1) एफओएमसी मीटिंग में ब्याज दरों को लेकर आगे क्या फैसला आता है
2) विकसित अर्थव्यवस्थाओं में ग्रोथ
3) तेल की कीमतें
4) कमोडिटी प्रॉसेस की दिशा
5) महंगाई और विकास की गतिशीलता
6) फॉरेन फ्लो की दिशा



- निवेश में विविधता लाएं, निवेश बढ़ाते जाएं
- अपने पोर्टफोलियो का नए सिरे से आकलन करें
- बाजार के मूड और माहौल के हिसाब से करें निवेश
- अलग-अलग एसेट क्लास में अपना पैसा अलोकेट करें
- अक्टूबर इक्विटी मार्केट के लिए सबसे अस्थिर महीना रहा

# डायवर्सिफिकेशन के सूत्र को अपनाएं

बिजनेस डेस्क

अगर आप निवेशक हैं तो आपको अपने पोर्टफोलियो का नए सिरे से आकलन करना चाहिए। न सिर्फ आकलन करना चाहिए, बल्कि बाजार के मूड और माहौल के हिसाब से अलग अलग एसेट क्लास में अपना पैसा अलोकेट करना चाहिए, ताकि आपके पोर्टफोलियो को डाइवर्सिफिकेशन मिले और रिस्क को मैनेज करते हुए बेहतर रिटर्न हासिल हो सके। किस मार्केट साइकिल में आपको कितना पैसा कहां मसलन इक्विटी, गोल्ड, बांड या ऐसे दूसरे एसेट एसेट क्लास में होना चाहिए, इसका अपना खास महत्व है। एक ब्रोकरेज हाउस ने मल्टी एसेट अलोकेशन को लेकर अपनी एक रिपोर्ट दी है। इस रिपोर्ट में उसने कई अहम बिंदुओं को उठाया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि आप किस तरह से अपने पोर्टफोलियो को डाइवर्सिफाई कर खुद को अमीर बना सकते हैं और कैसे अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं।

## अभी किस एसेट पर क्या है व्यू

### इक्विटी-'रीजनेबल प्राइस पर ग्रोथ'

रिपोर्ट के मुताबिक अक्टूबर 2023 की बात करें तो यह इक्विटी मार्केट के लिए एक अस्थिर महीना साबित हुआ, क्योंकि इस दौरान निफ्टी 50 टॉप लेवल से 6 फीसदी तक करेक्ट हुआ है। इस गिरावट का कारण बनने वाले कुछ महत्वपूर्ण फैक्टर थे। पहलाः यूएस 10-ईयर बांड यील्ड में ग्रोथ। दूसराः मिड ईस्ट में चल रहे जियो-पॉलिटिकल टेंशन। तीसराः बढ़ती और अस्थिर कच्चे तेल की कीमतें। चौथाः कंजम्पशन ग्रोथ में नरमी।

### ये रहे विनर

हालांकि, स्मॉल और मिडकैप पिछले एक साल में 29% और 25% की ग्रोथ के साथ विनर रहे हैं। यहां से आगे, बाजार में एक स्टाइल और सेक्टर रोटेशन देखने की संभावना है, पिछले कुछ महीनों में मिडकैप और स्मॉलकैप की मजबूत पकड़ के साथ, ब्रोकरेज हाउस का मानना है कि लार्जकैप की तुलना में कुछ पॉकेट्स में मौजूदा स्तरों पर सेफ्टी मार्जिन कम हो गया। इसे ध्यान में रखते हुए, ब्रॉडर मार्केट में निकट अवधि में कुछ समय के लिए करेक्शन देखा जा सकता है और फ्लो लार्जकैप की ओर ट्रांसफर होने की संभावना है।

### ये सेफ्टी मार्जिन दे रहे

मौजूदा वैल्युएशन पर, हाई बांड यील्ड, बढ़ती कच्चे तेल की कीमतों और मजबूत डॉलर सूचकांक के मौजूदा सीनेरियो के बीच लार्जकैप, मिडकैप और स्मॉलकैप की तुलना में अधिक सेफ्टी मार्जिन प्रदान करते हैं। बहरहाल, ब्रॉडर मार्केट की लॉन्ग टर्म स्टोरी आकर्षक बनी हुई है और इस संदर्भ में, 'रीजनेबल प्राइस पर ग्रोथ' थीम वर्तमान समय में आकर्षक लग रही है। ब्रोकरेज ने दिसंबर 2023 के लिए निफ्टी का टारगेट 20,200 पर बनाए रखा है।

### बॉन्ड मार्केट

कुछ ब्रोकरेज हाउस जोखिम उठाने की क्षमता के आधार पर कुछ नॉन-एएए एक्सपोजर वाले बॉन्ड के लिए क्वालिटी अप्रोच का रिकमेंडेशन करते हैं।

### गोल्ड

गोल्ड पर ब्रोकरेज हाउस ने न्यूट्रल स्टांस जारी रखा है और 'गिरावट पर खरीदारी' की रणनीति की सलाह दी है।

### करंसी मार्केट को ये देते हैं दिशा

1. एफओएमसी मीटिंग में ब्याज दरों को लेकर आगे क्या फैसला आता है
2. विकसित अर्थव्यवस्थाओं में ग्रोथ
3. तेल की कीमतें
4. कमोडिटी प्रॉसेस की दिशा
5. महंगाई और विकास की गतिशीलता
6. विदेशी प्रवाह की दिशा

# क्रेडिट कार्ड ईएमआई में क्यों करना पड़ता है 18% ज्यादा भुगतान

- क्रेडिट कार्ड के खर्च को ईएमआई में तब्दील करना चाहते हैं, तो जान लें जरूरी बातें
- ईएमआई में आम तौर पर बताए गए ब्याज से ज्यादा भुगतान करना होगा
- यहां तक कि नो कॉस्ट ईएमआई भी बिना लागत नहीं होती

बिजनेस डेस्क

यह बात तो आम तौर पर सभी लोग जानते हैं कि क्रेडिट कार्ड की बकाया रकम को ड्यू डेट यानी देय तारीख तक पूरी तरह नहीं चुकाने पर काफी भारी-भरकम ब्याज देना पड़ सकता है। यह ब्याज कई बार सालाना 42 फीसदी तक भी हो सकता है। इसके अलावा कई बार लेट पेमेंट पेनाल्टी के तौर पर भी मोटी रकम देनी पड़ सकती है, लेकिन अगर आपने क्रेडिट कार्ड से कोई बड़ी खरीदारी की है और ड्यू डेट तक पूरी रकम चुकाना मुश्किल हो रहा है, तो एक उपाय पूरे पेमेंट को ईएमआई में तब्दील करने का होता है। ऐसी ईएमआई पर लगने वाला इंटरेस्ट उस ब्याज के मुकाबले कम होता है, जो पूरी रकम का भुगतान नहीं करने पर देना पड़ता है, लेकिन क्या आपको पता है कि क्रेडिट कार्ड की ईएमआई में बताए गए ब्याज के अलावा 18% एक्स्ट्रा कॉस्ट यानी अतिरिक्त लागत भी जुड़ी होती है।

## 'नो कॉस्ट ईएमआई' भी बिना लागत नहीं

कई बार आपको क्रेडिट कार्ड कंपनी/रिटेलर की तरफ से पूरी रकम को 'नो कॉस्ट ईएमआई' में तब्दील करने का ऑफर भी मिलता है। आम तौर पर लोग इससे काफी आकर्षित हो जाते हैं। उन्हें लगता है कि 'नो कॉस्ट ईएमआई' का मतलब यह है कि आपको सिर्फ उतने ही पैसे देने हैं, जितने की आपने खरीदारी की है। इसके अलावा कोई एक्स्ट्रा चार्ज नहीं लगेगा, लेकिन आम तौर पर ऐसा होता नहीं है। अक्सर 'नो कॉस्ट ईएमआई' की भी लागत होती है। अगर आपको इस सुविधा का लाभ उठाने का फैसला करते समय इस बारे में जानकारी नहीं होगी, तो क्रेडिट कार्ड की ईएमआई का पेमेंट करते समय आपको झटका लग सकता है।


## ऐसा क्यों होता है

आपको पता होना चाहिए कि क्रेडिट कार्ड की बकाया रकम पर लगने वाले ब्याज पर आपको गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) भी देना पड़ सकता है। दरअसल, वित्तीय संस्थानों की बहुत सारी सर्विसेज और चार्जेज जीएसटी के दायरे में शामिल हैं, जिनका बोझ आखिरकार ग्राहकों पर ही पड़ता है। क्रेडिट कार्ड पर लगने वाला इंटरेस्ट भी इसी कैटेगरी में शामिल है, जिस पर 18 फीसदी की दर से जीएसटी देना होता है। यह जीएसटी क्रेडिट कार्ड ट्रांजैक्शन के इंटरेस्ट पर लगता है। जाहिर है कि अगर आपने क्रेडिट कार्ड से किए खर्च को ईएमआई में तब्दील किया तो बिल आने पर इंटरेस्ट के ऊपर 18 फीसदी जीएसटी भी जुड़ा हुआ मिलेगा। मिसाल के तौर पर अगर आप ईएमआई के लिए 20 फीसदी ब्याज दे रहे हैं, तो उस पर 18 फीसदी जीएसटी जोड़ने के बाद ब्याज की पूरी लागत 23.6 फीसदी हो जाएगी।

## क्रेडिट कार्ड इंटरेस्ट पर जीएसटी

हमने क्रेडिट कार्ड के सामान्य ईएमआई पर लगने वाले जीएसटी की बात की, लेकिन आपके मन में ये सवाल उठ रहा होगा कि अगर हमारी ईएमआई 'नो कॉस्ट' है, तो भला उस पर जीएसटी क्यों लगेगा? दरअसल, नो-कॉस्ट ईएमआई के मामले में भी आमतौर पर ऐसा नहीं होता कि क्रेडिट कार्ड कंपनी ब्याज न ले। असल में क्रेडिट कार्ड जारी करने वाला बैंक तो ब्याज लेता है, लेकिन सामान बेचने वाला रिटेलर ईएमआई के पूरे टेन्योर के दौरान वसूले जाने वाले ब्याज के बराबर रकम आपको इंस्टैंट डिस्काउंट के रूप में ऑफर कर देता है। इसलिए वो दावा करता है कि आपके लिए इस ईएमआई की कोई लागत नहीं है, लेकिन ऑफर किए जा रहे डिस्काउंट में आमतौर पर सिर्फ ईएमआई का ब्याज शामिल होता है, उस ब्याज पर सरकार की तरफ से वसूला जाने वाला जीएसटी नहीं। मिसाल के तौर पर अगर क्रेडिट कार्ड ईएमआई का ब्याज सालाना 20 फीसदी है, तो आपको उस पर 18 फीसदी जीएसटी देना होगा, जो ईएमआई की कुल रकम के 3.6 फीसदी के बराबर होगा।


**यह भी संभव :** हो सकता है आपको प्रोसेसिंग फीस या किसी और चार्ज के रूप में कुछ और पैसे भी देने पड़ें। इसलिए अगर आप क्रेडिट कार्ड की खरीदारी को ईएमआई या नो कॉस्ट ईएमआई में तब्दील कराने की सोच रहे हैं, तो पहले इन सभी अतिरिक्त लागतों को जोड़कर उसकी लागत निकालें और तभी कोई फैसला करें।



दीपशा तनेजा
फाइनेंसियल एडवाइजर

स्टॉक में निवेश करने वाले जरूर जान लें इन टर्म के बारे में, थोक डील एक ऐसा व्यापार, जहां एक एकल निवेशक लेनदेन के माध्यम से इक्विटी शेयर खरीदता या बेचता है

# बल्क/ब्लॉक/इनसाइडर डील क्या है?



याद रखें कि थोक सौदे आपके समग्र विश्लेषण में केवल एक कारक हैं, और इस जानकारी को एक व्यापक ट्रेडिंग रणनीति के साथ एकीकृत करना महत्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त, हमेशा जानकारी को सत्यापित करें, बाज़ार नियमों के बारे में सूचित रहें और व्यापारिक निर्णय लेने से पहले वित्तीय पेशेवरों से परामर्श करने पर विचार करें।

शेयर बाजार में बल्क यानी थोक सौदे, व ब्लॉक डील बहुत महत्वपूर्ण है। स्टॉक में निवेश करने वालों को इन टर्म के बारे में पता होना चाहिए। शेयर बाजार में इन दो लोकप्रिय प्रकार के सौदों के अलावा, एक और प्रकार का सौदा होता है जो ऐसे व्यक्तियों द्वारा होता है जो कंपनी के बारे में आंतरिक जानकारी तक पहुंच रखने वाले प्रमोटर या निवेशक समूह होते हैं। इस प्रकार के सौदों को अंदरूनी सौदे यानी इनसाइडर डील के रूप में जाना जाता है। अब इन्हें और विस्तार से समझते हैं। थोक डील क्या है? बल्क यानी थोक डील एक ऐसा व्यापार है जहां एक एकल निवेशक एक लेनदेन के माध्यम से किसी कंपनी के 0.5% से अधिक इक्विटी शेयर खरीदता या बेचता है। इसलिए, उदाहरण के लिए, यदि कंपनी ए के पास कुल बकाया शेयरों की संख्या 1 करोड़ है, तो एक थोक सौदे में एक ही लेनदेन में कम से कम 50,000 शेयर (1 करोड़ का 0.5%) खरीदना या बेचना शामिल होगा। सभी एनएसई थोक सौदे नेशनल स्टॉक एक्सचेंज को रिपोर्ट किए जाते हैं, और सभी बीएसई थोक सौदे वास्तविक समय में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज को रिपोर्ट किए जाते हैं और दिन के अंत में जनता के लिए उपलब्ध होते हैं। तो, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर किए गए कोई भी थोक सौदे एनएसई थोक सौदे हैं, जबकि यदि बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर थोक सौदे किए जाते हैं, तो वे बीएसई थोक सौदे हैं। ये सौदे संस्थागत निवेशकों, म्यूचुअल फंड और अन्य बड़े बाजार सहभागियों की व्यापारिक गतिविधि में अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकते हैं, जो स्टॉक की कीमत और समग्र बाजार धारणा को प्रभावित कर सकते हैं।

## ब्लॉक डील क्या है?

एनएसई ब्लॉक डील या बीएसई ब्लॉक डील थोक डील से काफी अलग हैं; ब्लॉक डील के मामले में, दो ज्ञात पक्षों के बीच एक सहमत मूल्य पर न्यूनतम 10 करोड़ रुपये मूल्य के बड़ी संख्या में शेयरों की खरीद या बिक्री होनी चाहिए। हाँ! एक ब्लॉक डील में, खरीदार और विक्रेता दोनों पहले से ही एक-दूसरे को जानते हैं, और सौदे पर ऑफ-मार्केट बातचीत की जाती है, जिसका अर्थ है कि इसे नियमित ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से निष्पादित नहीं किया जाता है जहां अधिकांश खुदरा निवेशक शेयर खरीदते और बेचते हैं। ब्लॉक डील को विशेष ‘ब्लॉक डील विंडो’ पर एकल लेनदेन के माध्यम से अलग से निष्पादित किया जाता है, जो आम तौर पर सुबह के सत्र में केवल 35 मिनट के लिए खुला होता है।

## बल्क सौदे बनाम ब्लॉक सौदे डील का आकार

### ब्लॉक डील

इसमें बड़ी मात्रा में शेयर शामिल होते हैं, जो आमतौर पर स्टॉक एक्सचेंज द्वारा निर्धारित पूर्वनिर्धारित न्यूनतम सीमा से अधिक होते हैं (उदाहरण के लिए, 5,00,000 शेयर या भारत में न्यूनतम मूल्य 5 करोड़ रुपये)। ब्लॉक डील का आकार पर्याप्त होता है, और लेनदेन मूल्य महत्वपूर्ण हो सकता है।

### बल्क डील

इसमें पर्याप्त मात्रा में शेयर शामिल होते हैं, लेकिन स्टॉक एक्सचेंज द्वारा परिभाषित कोई विशिष्ट न्यूनतम मात्रा नहीं होती है। किसी कंपनी के इक्विटी शेयरों के न्यूनतम 0.5% वाले लेनदेन को अक्सर थोक सौदे माना जाता है। थोक सौदे का आकार महत्वपूर्ण है लेकिन ब्लॉक सौदे जितना बड़ा नहीं हो सकता है।

## निष्पादन

### ब्लॉक डील

एक विशेष व्यापार के माध्यम से निष्पादित। स्टॉक की कीमत पर प्रभाव को कम करने के लिए नियमित बाजार घंटों से अलग विंडो या तंत्र। ब्लॉक डील के लिए ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म को बड़े लेनदेन को कुशलतापूर्वक संभालने के लिए डिजाइन किया गया है।

### थोक सौदा

सामान्य बाजार घंटों के दौरान स्टॉक एक्सचेंज के नियमित ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पर निष्पादित। लेन-देन नियमित बाजार गतिविधि के साथ एकीकृत होते हैं और स्टॉक की कीमत पर तुलनात्मक रूप से कम प्रभाव पड़ सकता है।

## प्रकटीकरण

### ब्लॉक डील

मात्रा, कीमत और प्रतिभागियों सहित ब्लॉक डील विवरण का तत्काल और अनिवार्य खुलासा आवश्यक है। यह बाजार में पारदर्शिता और सूचना का समय पर प्रसार सुनिश्चित करता है।

### थोक सौदा

ब्लॉक सौदों की तुलना में थोक सौदों के लिए प्रकटीकरण आवश्यकताएँ कम कठोर हैं। हालाँकि एक्सचेंजों को प्रकटीकरण की आवश्यकता होती है, यह प्रक्रिया तत्काल या विस्तृत नहीं हो सकती है।

## प्रतिभागी

### ब्लॉक डील

इसमें आमतौर पर संस्थागत निवेशक, म्यूचुअल फंड या बड़े वित्तीय संस्थान शामिल होते हैं। संस्थागत प्रतिभागी अक्सर बाजार पर अत्यधिक प्रभाव डाले बिना महत्वपूर्ण लेनदेन निष्पादित करने के लिए ब्लॉक डील में संलग्न होते हैं।

### थोक सौदा

इसमें खुदरा निवेशकों, उच्च निवल मूल्य वाले व्यक्तियों और छोटे संस्थागत खिलाड़ियों सहित प्रतिभागियों का एक विविध समूह शामिल हो सकता है। कठोर न्यूनतम मात्रा सीमा के अभाव के कारण थोक सौदे प्रतिभागियों की एक विस्तृत श्रृंखला को आकर्षित कर सकते हैं।

## ध्यान रखें

हालांकि, व्यापक दृष्टिकोण से, थोक सौदे और ब्लॉक सौदे दोनों समान लगते हैं, क्योंकि इसमें महत्वपूर्ण मात्रा में शेयरों की खरीद या बिक्री शामिल होती है। हालाँकि, उनमें से प्रत्येक की विशिष्ट विशेषताएं हैं, जिन्हें चार मापदंडों के आधार पर समझाया गया है। संक्षेप में, थोक और ब्लॉक सौदों के बीच मुख्य अंतर उनके आकार मानदंड, निष्पादन के तरीके और बाजार दृश्यता पर प्रभाव हैं। दोनों सौदों में महत्वपूर्ण संख्या में शेयर शामिल हैं, लेकिन ब्लॉक सौदे पूर्ण मात्रा/मूल्य पर अधिक केंद्रित होते हैं और बाजार के प्रभाव को कम करने के लिए ऑफ-मार्केट निष्पादित किए जाते हैं। दूसरी ओर, थोक सौदे नियमित ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पर निष्पादित किए जाते हैं, जो बाजार की कीमतों को प्रभावित कर सकते हैं।

## इनसाइडर डील क्या है?

जैसा कि ऊपर चर्चा की गई है, ये सौदे प्रमोटर समूहों या निवेशक समूहों के व्यक्तियों द्वारा किए जाते हैं। लेकिन चूंकि ऐसे व्यक्तियों के पास कंपनी के बारे में आंतरिक जानकारी तक पहुंच होती है, इसलिए अनुचित लाभ या स्टॉक में हेरफेर को रोकने के लिए, बाजार नियामक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा ऐसे सौदों की बारीकी से निगरानी की जाती है। अंदरूनी व्यापार को आम तौर पर तब अवैध माना जाता है जब इसमें कंपनी के व्यक्तियों द्वारा गैर-सार्वजनिक जानकारी के आधार पर शेयरों का व्यापार शामिल होता है। हालाँकि, यह ध्यान रखना आवश्यक है कि हालाँकि अंदरूनी सौदे एक चिंता का विषय हैं, लेकिन अंदरूनी सूत्रों द्वारा किए गए सभी लेनदेन अवैध नहीं हैं। अंदरूनी सूत्रों को कुछ शर्तों के तहत अपनी कंपनी की प्रतिभूतियों का व्यापार करने की अनुमति है, जैसे विशिष्ट रिपोर्टिंग आवश्यकताओं का पालन करना और महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी के आधार पर व्यापार करने से बचना।

## ट्रेडिंग अवसरों की पहचान कैसे करें?

### थोक डील डेटा तक पहुंचें

एनएसई अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर थोक सौदों की जानकारी प्रदान करता है। आप दैनिक थोक डील डेटा पा सकते हैं जिसमें स्टॉक का नाम, कारोबार की मात्रा, कारोबार की कीमत और खरीदारों और विक्रेताओं के नाम जैसे विवरण शामिल हैं।

### थोक सौदों के महत्व को समझें

पहचानें कि थोक सौदों में बड़े लेनदेन शामिल होते हैं, और संस्थागत निवेशक या उच्च-निवल मूल्य वाले व्यक्ति अक्सर इन सौदों में भाग लेते हैं। थोक सौदों के माध्यम से स्वामित्व में एक महत्वपूर्ण बदलाव बाजार की धारणा में बदलाव का संकेत दे सकता है।

### रुझान और पैटर्न देखें

रुझानों और पैटर्न की पहचान करने के लिए विशिष्ट शेयरों के ऐतिहासिक थोक सौदे डेटा विश्लेषण करें। आवर्ती खरीदारों या विक्रेताओं, व्यापारिक गतिविधि में वृद्धि, या समय के साथ थोक सौदों की एक श्रृंखला की तलाश करें।

### कारोबार की मात्रा पर विचार करें

थोक सौदे में कारोबार किए गए शेयरों की मात्रा पर ध्यान दें। स्टॉक के औसत ट्रेडिंग वॉल्यूम के सापेक्ष बड़ी मात्रा निवेशकों की बढ़ी हुई रुचि या संभावित संस्थागत गतिविधि का संकेत दे सकती है। थोक सौदों से जुड़े मूल्य उतार-चढ़ाव का मूल्यांकन करें। एक थोक सौदे के बाद एक महत्वपूर्ण मूल्य परिवर्तन यह संकेत दे सकता है कि सौदे ने बाजार की धारणा को प्रभावित किया है, और आगे की कीमत में उतार-चढ़ाव की उम्मीद की जा सकती है।

### अंदरूनी व्यापार की जांच करें

जबकि थोक सौदे स्वयं अंदरूनी व्यापार का संकेत नहीं दे सकते हैं, असामान्य या अप्रत्याशित व्यापारिक गतिविधि की जांच की जानी चाहिए। किसी भी बाद की घोषणा या समाचार पर नज़र रखें जो थोक सौदे की गतिविधि को समझा सके।

### तकनीकी विश्लेषण का प्रयोग करें

संभावित प्रवेश या निकास बिंदुओं की पहचान करने के लिए तकनीकी विश्लेषण उपकरणों और संकेतकों के साथ थोक सौदे की जानकारी को संयोजित करें। चार्ट पैटर्न, समर्थन और प्रतिरोध स्तर और अन्य तकनीकी संकेतों को देखें जो थोक डील डेटा के साथ संरेखित होते हैं।

### सेक्टर रुझानों की निगरानी करें

व्यापक बाज़ार संदर्भ और सेक्टर रुझानों पर विचार करें। संभावित व्यापारिक अवसरों का विश्लेषण करते समय विशिष्ट क्षेत्रों या उद्योगों में थोक सौदे अधिक प्रासंगिक हो सकते हैं। बाज़ार समाचार, कंपनी घोषणाओं और व्यापक आर्थिक कारकों पर अपडेट रहें। बाहरी घटनाएं स्टॉक की कीमतों को प्रभावित कर सकती हैं और थोक सौदा गतिविधि को संदर्भ प्रदान कर सकती हैं।

### जोखिम प्रबंधन

अपनी पूंजी की सुरक्षा के लिए जोखिम प्रबंधन रणनीतियों को लागू करें। जबकि थोक सौदे बहुमूल्य जानकारी प्रदान करते हैं, किसी भी व्यापारिक अवसर के समग्र जोखिम और इनाम पर विचार करना आवश्यक है।

खबर संक्षेप

## धोखे से बेची गई गाड़ी का खरीददार काबू

**रेवाड़ी।** नया गांव के एक व्यक्ति को विश्वास में लेने के बाद 1.43 करोड़ रुपये की ठगी के आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद धोखे से बेची गई गाड़ी के खरीददार को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से खरीदी गई ब्रेजा कार बरामद की गई है।

नया गांव निवासी राजेंद्र ने पुलिस कमिश्नर के समक्ष दायर परिवाद में महेंद्रगढ़ निवासी गौतम पर रकम दोगुनी करने के नाम पर 1.43 करोड़ रुपये हड़पने का आरोप लगाया था। उच्चाधिकारियों के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी।

## कार की टक्कर से ताऊ की मौत, भतीजा घायल

**रेवाड़ी।** पाल्हावास के निकट शनिवार सुबह कार की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबका उसका भतीजा घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। नांगलिया रणमोख निवास जयवंत बाइक पर अपने ताऊ जयविंद्र को लेकर पाल्हावास से अपने गांव जा रहा था। रोहतक नेशनल हाइवे पर पीछे से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मार दी। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया, जहां जयविंद्र को मृत घोषित कर दिया गया।

## विजय दिवस अमर सपूतों का स्वर्णिम इतिहास

**रेवाड़ी।** विजय दिवस के अवसर पर ऑटो मार्केट स्थित यंगमैंस एसोसिएशन कार्यालय में 1971 भारत-पाक युद्ध के भारतीय सेना के शहीदों को याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर यंगमैंस एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित स्वामी ने कहा कि विजय दिवस भारत के वीर अमर सपूतों का स्वर्णिम इतिहास है, जिसे हमेशा भारत की बहादुर सेना की वीरता के रूप में याद रखा जाएगा। स्वामी ने कहा कि भारत की सेना ने पाकिस्तान को मात्र 13 दिनों में शिकस्त दी और पाकिस्तान ने बिना शर्त के अपने 93000 सैनिकों के साथ आत्मसमर्पण किया। विश्व के सैनिक युद्ध इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ कि एक देश ने दूसरे देश को मात्र 13 दिनों में पराजित किया और एक नया देश बांग्लादेश अस्तित्व में आया। उन्होंने कहा कि विजय दिवस उन सभी अमर बलिदानियों को समर्पित है।

### सीम ने एम्स का शिलान्यास भी जल्द कराने का दिया भरोसा


# मांगों लेकर सीएम से मिले समिति सदस्य, जल्द समाधान का आश्वासन

**माजरा एम्स के लिए गठित दी माजरा को-ऑपरेटिव मल्टीपर्पज सोसायटी ने किसानो की समस्याएं भी रखीं**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

माजरा एम्स के लिए गठित दी माजरा को-ऑपरेटिव मल्टीपर्पज सोसायटी लि. के चयनित सदस्यों ने गांव के सरपंच रविंद्र हाथी के साथ सीएम मनोहरलाल से मुलाकात की। उन्होंने सीएम से माजरा एम्स का जल्द शिलान्यास कराने और जमीन देने वाले किसानों की समस्याओं से सीएम को अवगत कराया। सीएम ने उन्हें एम्स का जल्द शिलान्यास कराने और अन्य समस्याओं का निपटारा जल्द कराने का भरोसा दिलाया है।

रविंद्र हाथी के साथ जीतू अहीरवाल, राहुल मस्तापुर, हरिवंश राय व नवीन यादव ने सीएम मनोहरलाल को बताया कि एम्स के लिए अपनी जमीन देने वाले किसानों को अलॉट किए जाने एससीओ के लिए चिन्हित 28 एकड़ 4 कनाल 10 मरला जमीन अभी तक 10 किसानों के नाम चल रही है। इस जमीन को सोसायटी के नाम नहीं कराया गया है। उन्होंने मांग की कि इस जमीन को पहले सोसायटी व बाद में संबंधित किसानों के नाम कराया जाए। इस प्रक्रिया पर होने वाले स्टांप ड्यूटी को सरकार माफ करे या खुद वहन करे। एससीओ के लिए चिन्हित जमीन पर सड़क, बिजली-पानी व सीवर लाइन डलवाने का कार्य जल्द पूरा कराया जाए।


रेवाड़ी। सीएम से मुलाकात करते हुए रविंद्र हाथी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### बिजली कनेक्शन भी बिना खर्च शिप्ट हों

समिति के सदस्यों ने सीएम को बताया कि एम्स के लिए जमीन देने वाले 27 किसानों के बिजली कनेक्शन उनकी दूसरी जमीन पर बिना खर्च के ट्रांसफर कराए जाएं, ताकि इन किसानों को नए स्थान पर ट्यूबवेल चालू कराने में परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। सरपंच रविंद्र हाथी ने बताया कि सीएम ने उनकी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि किसानों की मांगों पर सरकार जल्द से जल्द विचार करके उनका हल निकालेगी। एम्स का शिलान्यास भी अगले एक-डेढ़ माह में कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## घरों में घुस रहे सीवर के पानी से लोगों को परेशानी


बावल। वार्ड के एक मकान में भरा सीवर का दूषित पानी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बावल

शहर के वार्ड नं. 7 में सीवर लाइन लीक होने से गंदा पानी लोगों के घरों तक में घुस रहा है, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों के लिए घरों में खाना बनाना तक मुश्किल हो रहा है।

वार्ड के लोगों ने बताया कि दो दिन से सीवर लाइन ब्लॉक होने के कारण उनके घरों में गंदा पानी आ रहा है। पूरे मोहल्ले का वातावरण दूषित हो रहा है। उनके लिए घरों में रहना भी दुश्वार हो गया है। सूरज ने बताया कि उसने विभाग के एसडीओ को शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। उसके घर में चूल्हा तक जलाना मुश्किल बना हुआ है। वार्ड के लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से समस्या के तत्काल समाधान की मांग की है।


नारनौल। वाहनों के दस्तावेज चेक करती सीएम फ्लाइंग एवं आरटीए की टीम।

## फ्लाइंग ने 10 ओवरलोड वाहन किए इंपाउंड, 2.63 लाख रुपये जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

ओवरलोड वाहन चालक खासकर ट्रक, ट्राला एवं डंपर वाले बार-बार सख्ती के बावजूद ओवरलोड से होने वाली कमाई से मोह नहीं त्याग पा रहे। यही वजह है कि बार-बार कार्रवाई के बावजूद ट्रकों एवं डंपरों आदि में ओवरलोड तक वजन भर लेते हैं, जिससे सड़कों को न केवल नुकसान पहुंचता है, बल्कि सरकार को राजस्व के रूप में हानि भी होती है। ओवरलोड पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सीएम फ्लाइंग रेवाड़ी की टीम ने गांव बाछोद के पास ओवरलोड वाहनों की चेकिंग की और उन्हें इंपाउंड करते हुए उन पर करीब 2.63 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। वीरवार सायंकाल को मुख्यमंत्री उड़नदस्ता रेवाड़ी तथा आरटीए विभाग की संयुक्त टीमें छापेमारी अभियान पर निकली हुई थी। गांव बाछौद के पास इन्होंने छापेमार कार्रवाई शुरू की तथा वहां करीब दस ओवरलोड वाहनों को पकड़ा और उनका वजन कराया। वजन कराने पर नियमों के विरुद्ध इनका भार पाया गया, जिस पर इनको इंपाउंड कर 263000 रुपये का जुर्मा भी लगाया गया।

## मकान से मोबाइल फोन, नकदी व आभूषण चोरी

**कनीना।** गांव करीरा में मकान से मोबाईल फोन, नकदी व आभूषण गायब करने के आरोप में पुलिस ने गांव के ही दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सीआरपीएफ में कार्यरत शिवकुमार ने बताया कि गांव में धर्मशाला के पास मकान में 7वीं का छात्र उसका भांजा चेतन से महेश व तरुण ने हथियार दिखाकर डरा-धमका कर मकान की चाबी मंगवाकर ट्राली बैग से मोबाईल फोन, पांच हजार रुपये की नकदी तथा सोने-चांदी के आभूषण निकाल लिए।

बीती छह दिसंबर को शिवकुमार के घर आने पर सामान गायब होने का अंदेशा हुआ। पूछताछ में चेतन ने रोते हुए पूरा घटनाक्रम अपने मामा शिवकुमार के सामने बताया तो उन्होंने कनीना शहर थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने छानबीन कर आरोपी महेश व तरुण वासी करीरा के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## 14 को यदुवंशी का स्थापना दिवस

- विजय दिवस पर रेजांगला पार्क शौर्य सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

14 जनवरी को यदुवंशी ग्रुप के स्थापना दिवस पर होने वाला कार्यक्रम भव्य होगा। कार्यक्रम में महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा के विभिन्न गांवों के लोग कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। उक्त विचार पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहें। इस कार्यक्रम के लिए राव बहादुर सिंह स्वयं प्रतिदिन गांवों में जाकर लोगों को सम्मानित करते हुए निमंत्रण दे रहे हैं। उन्होंने शनिवार को पालड़ी, बालरोड, चांगरोड, बधवाना, जावा, बीजणा, मांई कला, मांई खुर्द, ऊण, नौरंगाबास राजपुतान, नौरंगाबास जाटान, ढाणी तिलोड़ी, बिरदी कलां, बिरदी खुर्द, तिलावा, बरसाना, डूडीवाला नंदकरण, डोहका मौजी, डोह की दीना, रामपुरा, कालूवाला, सारंगपुर, डोहका हरिया, अटेला खुर्द, अटेला नया तथा अटेला कलां गांवों में जाकर विशिष्ट लोगों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार आने पर सभी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान होगा। एक नेता का कार्य होता है समाज की भलाई के लिए कार्य करें, जिससे पूरा इलाका खुशहाल बने। शिक्षा मानव के सर्वागीण विकास में सहायक है। शिक्षित लोगों से देश आगे बढ़ता है।

तथा सवार्त्तम शिक्षा ही विकास का मूल मंत्र है। सभी लोगों ने राव बहादुर सिंह के गांवों में पहुंचने पर उनका स्वागत फूलमालाएं एवं पगड़ी पहनाकर किया। इस अवसर पर पूनम देवी जिला पार्षद, जीवन राम, सत्यवीर झूकिया, ढिल्लू पूर्व जिला पार्षद, राजबीर सरपंच मनफरा, टिल्लू सरपंच, बबीता भारती, थान सिंह, रघुनाथ सिंह व पूर्व सरपंच धर्मेन्द्र आदि उपस्थित रहे।


महेंद्रगढ़। ग्रामीणों को संबोधित करते पूर्व विधायक। फोटो : हरिभूमि

## बच्चे के बैग से चोरी किए 11 हजार रुपये

**महेंद्रगढ़।** बस स्टैंड से एक बच्चे के बैग से अज्ञात चोर 11 हजार रुपये की नकदी व अन्य सामान चोरी कर लिया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। ज्योति शर्मा ने बताया कि वह गांव रामपुरा राजस्थान थाना मेहाड़ा जाडूवास जिला नीमकाथाना की रहने वाली है। गत एक दिसंबर को वह अपने भाई की शादी में शामिल होकर गांव सोहला से अपने ससुराल जा रही थी, जब वह महेंद्रगढ़ बस स्टैंड से नारनौल की बस में चढ़ते समय उसके बच्चे के कंधों से पिठ्ठु बैग से पर्स निकाल लिया, जिसमें चांदी अंगूठी, 11 हजार रुपये व अन्य कागजात थे। जैसे आधार कार्ड, पेन कार्ड व एटीएम कार्ड पर्स में थे। उसने उसी समय पुलिस की डायल-112 गाड़ी को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया और उन्होंने कहा कि आप ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवा सकती है।

# बच्चों को गर्म टॉप वितरित कर दिए सर्दी से बचाव के टिप्स

- राजकीय प्राथमिक पाठशाला अलावलपुर में शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

राजकीय प्राथमिक पाठशाला अलावलपुर में शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में टीना कुमारी जेबीटी अध्यापिका ने सभी बच्चों को गर्म टॉप वितरित किए। मुख्य शिक्षक सुनील कुमार ने बच्चों को सर्दी से बचने के उपाय बताएं। उन्होंने बताया कि बच्चों को प्रतिवर्ष समाजसेवियों की ओर से इस प्रकार की सहायता की जाती रही है। उन्होंने जेबीटी शिक्षिका का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर एसएमसी प्रधान सीमा, अध्यापक मनजीत कुमार, अजीत सिंह वअध्यापक अरुण कुमार उपस्थित थे।


रेवाड़ी। बच्चों को टॉप वितरित करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## गांव-गांव पहुंचेगे यात्राा के प्रचार वाहन

**रेवाड़ी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद के नोडल अधिकारी एवं एडीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि यात्रा से आमजन को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं बारे जागरूक किया जा रहा है। एडीसी पाटिल ने बताया कि 18 दिसंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद के चार प्रचार वाहन प्रातः 10 बजे व सायं 3 बजे से गांवों में पहुंचकर लोगों को लाभांवित करेंगे। प्रचार वाहन नंबर-1 गांव मसानी में प्रातः कालीन सत्र व डूंगरवास में सायं कालीन सत्र, प्रचार वाहन नंबर-2 गांव बोड़ियाकमालपुर में प्रातः कालीन सत्र व भाखली में सायंकालीन सत्र, प्रचार वाहन नंबर-3 गांव भैरमपुर भड़ंगी में प्रातःकालीन सत्र व गांव बखापुर में सायं को होगा जनसंवाद।

# सैनिकों की वीरता व कौशल सराहनीय: कैप्टन

- विजय दिवस पर रेजांगला पार्क शौर्य सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

विजय दिवस एवं रेजांगला शहीदी समारोह समिति की ओर से शनिवार को विजय दिवस के मौके पर रेजांगला पार्क में शौर्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समिति की ओर से शहीदों की वीरांगनाओं, रण बांकुरों योद्धाओं तथा विशिष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले नागरिकों को सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि के रुप में पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन कैप्टन अजय सिंह ने शिरकत की। समारोह में स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर मुख्यातिथि कैप्टन अजय सिंह कहा कि हमारे सैनिकों की वीरता व उनका रण कौशल अति सराहनीय है। हमारी सेनाएं विश्व की सर्व क्षेष्ठ सेनाए हैं। वर्ष 1971 में भारत-पाक युद्ध के दौरान 16 दिसंबर को भारत ने विजय हासिल की थी और उसी दिन से यह दिन हर वर्ष विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्ष 1971 में हुए भारत-पाक युद्ध में पाकिस्तानी सेना पराजित हुई और 16 दिसंबर 1971 को ढाका में आत्मसमर्पण कर दिया था। उन्होंने कहा कि हमारे सैनिकों की वीरता अद्वितीय है तथा पूरा विश्व भारतीय सेना का लोहा मानता है। कैप्टन अजय सिंह ने कहा आज हम देश में खुली सांस ले रहे हैं तो सिर्फ सैनिकों की बदौलत है, जो आज देश की सीमा पर हमारी रक्षा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री का नाम घोषित होने के बाद नरेंद्र मोदी ने रेवाड़ी में वन रैंक वन पेंशन का वायदा किया था, लेकिन आज तक अपने वायदे को पूरा नहीं किया बल्कि अग्निवीर योजना लाकर भाजपा सरकार ने नो रैंक और नो पेंशन लागू कर दी है। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष कमाडेंट आर के यादव, समिति के महासचिव डा. रामफल यादव, सचिव कुलदीप यादव, सचिव रामोतार यादव, कोषाध्यक्ष राकेश भार्गव व प्रधान सुजान सिंह मौजूद थे।


रेवाड़ी। शहीदों को श्रद्धाजंलि अर्पित करते पूर्व मंत्री व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### हिंदू संगठनों में शहर व ग्राम स्तर पर बनाई टोलियां

# अयोध्या मंदिर में राम प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को

- अक्षत व पत्रक लेकर घर-घर न्योता देंगे राम भक्त

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

श्रीराम मंदिर रामलल्ला प्राण प्रतिष्ठा सम्पर्क अभियान जिला समिति की ओर से शिव मंदिर नई अनाजमंडी में विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष राधेश्याम मित्तल की अध्यक्षता में पत्रकार वार्ता की गई। प्रधान मित्तल ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या पर श्री राम जी का मंदिर बनकर तैयार हो गया है। इसी उपलक्ष्य में भगवान के बालरूप की स्थापना कर प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है, जोकि आगामी पोष शुक्ल, द्वादशी, विक्रम संवत 2080 सोमवार 22 जनवरी 2024 को होनी है। 496 वर्षो के सतत संघर्ष के बाद प्राप्त 4 लाख बलिदानों के बाद यह सपना साकार हो रहा है। अभियान को लेकर सभी रामभक्त अक्षत-हल्दी, मंदिर का चित्र व मंदिर विवरण पत्रक लेकर न्योता देने जा रहे है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी को अपने-अपने स्थानीय मंदिरों व देव स्थानों पर भजन कीर्तन व पूजा-अर्चना करनी है तथा संध्या के समय देवताओं के लिए 5-5 दीपक जलाने है। अभियान के जिला संयोजक राजकुमार यादव ने कहा कि रामलल्ला प्राण प्रतिष्ठा सम्पर्क अभियान की तैयारियां देशभर में चल रही है। जिले में इस अभियान की तैयारियां नवंबर माह से चल रही है। अयोध्या जी से पूजित हल्दी व अक्षत बड़ा तालाब हनुमान मंदिर में रखे गए है। कार्यक्रम को लेकर सभी 11 खंडों में बैठक हो चुकी है। अब 17 दिसंबर को ग्राम स्तर पर बैठक की जाएगी। उन्होंने कहा कि 17 से 24 दिसंबर तक सभी खंड केंद्रों पर जिला टोली अक्षत-हल्दी, मंदिर चित्र व मंदिर विवरण पत्रक भेज दिए जाएंगे। सम्पर्क अभियान 1 जनवरी से 15 जनवरी तक चलेगा, जिसमे रामभक्त न्योता देने घर-घर पहुंचेगे। संघ चालक रामअवतार गौतम ने सभी का आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर अजय मित्तल, अभियान सह संयोजक विकास, रेवाडी नगर पालक श्याम सपरा, डा. आरबी यादव, त्रिभुवन, प्रशांत, विश्व हिन्दू परिषद से अंजुल गुप्ता, भागमल, नरेश यादव, कुंदन लाल, राजेन्द्र मनेठी, बजरंगदल से पवन ढिल्लों, सुमित शर्मा, प्रवीण व सौरव शर्मा उपस्थित थे।




# वर्क्स मैनेजर के रोडवेज जीएम बनने की खुशी में बांटी मिठाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

नारनौल डिपो में वर्क्स मैनेजर के पद पर कार्यरत अनित कुमार के जनरल मैनेजर हरियाणा रोडवेज के पद पर पदोन्नत होने पर रेवाड़ी डिपो के कर्मचारियों ने लड्डू बांटकर खुशी जाहिर की। अनित कुमार गांव कालूवास निवासी राव चन्द्रहास रिटायर्ड प्रबंधक वीटा चंडीगढ़ के बड़े पुत्र है। उनके महाप्रबंधक बनने पर हीरवाल इलाके में खुशी की लहर है। साझा मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि अनित कुमार एक ईमानदार व स्व्च्छ छवि के अधिकारी है। इस मौके पर रेवाड़ी डिपो के साझा मोर्चा के सदस्य यशपाल यादव, प्रवीण यादव, निरंजन चेयरमैन, दिनेश कुमार, चिराग यादव, नरेश मांदी, जितेंद्र पावटी, सुशील कुमार, रतिराम यादव, कुलदीप यादव, जितेंद्र व प्रदीप सहित अनेक कर्मचारी मौजूद थे।


रेवाड़ी। खुशी जाहिर करते हुए कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### पाड़ला के नमन का नेशनल जिम्नास्टिक में चयन



**कुंड।** गांव पाड़ला निवासी नमन अंडर-17 नेशनल जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में 18 दिसंबर को होगी। नमन राई स्पोर्ट्स स्कूल सोनीपत का 8 कक्षा का छात्र है। खिलाड़ी के दादा रामजीलाल व पिता राकेश कुमार ने बताया कि नमन हॉकी व बॉक्सिंग खेल में भी हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दे चुका है। इस उपलब्धि पर गोपीराम इंस्पेक्टर, शमशेर सिंह, ठाकुरदास, मनोहरलाल, रामोतार मास्टर, रमेश चंद, राजेंद्र, ओमप्रकाश व धनपतराम ने नमन के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### ठगी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना रोहड़ाई पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने के एक और आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने गत वर्ष 31 अक्टूबर को पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया था। इस मामले में एक और आरोपी पलवल के घाघोट निवासी शाकीर को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश करते हुए न्यायिक अभिरक्षा के तहत जेल भेज दिया गया।

### जांगड़ा समाज के प्रधान को पुत्र शोक

**कोसली।** कोसली जांगड़ा समाज के प्रधान व धारोली गांव निवासी रामभगत जांगड़ा के पुत्र का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। लगभग 44 वर्षीय मनोज कुमार दिल्ली पुलिस में हवलदार के पद पर कार्यरत थे। चार माह पूर्व उन्हें डेंगू बुखार हुआ था। तब से वह विभिन्न अस्पतालों में उपचाराधीन रहे। दिल्ली के एक निजी अस्पताल में उनकी मौत हो गई। कोसली गांव में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### जैन मांगलिक भवन में रक्तदान शिविर आज

**नारनौल।** नेकी की दीवार नीडी हेल्प ग्रुप एवं रोटरी क्लब ऑफ नारनौल सिटी की ओर से संयुक्त रूप से 17 दिसम्बर को जैन मांगलिक भवन में रक्तदान शिविर लगेगा। इसमें दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम के पूर्व अधीक्षण अभियंता राव सुखबिन्द्र सिंह मुख्यातिथि होंगे। इस संबंध में ग्रुप संस्थापक मनीष गोगिया व रोटरी क्लब प्रधान नरेश गोगिया ने बताया कि शिविर की अध्यक्षता यूएसएसएल एकेडमी के चेयरमैन राकेश यादव करेंगे।

### सरस्वती स्कूल में रक्तदान शिविर आज

**महेंद्रगढ़।** गांव माजरा कलां स्थित सरस्वती शिक्षा निकेतन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राव लाल सिंह शिक्षा समिति की ओर से रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। ग्रुप के चेयरमैन रोशनलाल यादव ने कहा कि किसी भी जरूरतमंद के लिए रक्तदान करना मानवता की सच्ची सेवा है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर रक्तदान करें।

शनिवार को जिले के आधा दर्जन से अधिक गांवों में हुआ कार्यक्रम, लोगों को किया जागरूक

# मोदी की गारंटी वैन पर भरोसा जता रहे लाभार्थी अंत्योदय योजनाओं का मिल रहा पूरा लाभ

बोहका में युद्धवीर फौगाट व देवलावास में हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन इंजी. कृष्ण कुमार ने यात्रा का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी







रेवाड़ी। स्टॉल पर योजनाओं की जानकारी लेते लोग व लोगों को प्रचार सामग्री देते हुए व कार्यक्रम पेश करती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद शनिवार को जिले के गांव जोनियावास, मालपुरा, शादीपुर, भाखली-2, बासदूधा, बवाना गुर्जर, बोहका व देवलावास में पहुंची और लोगों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ देते हुए जागरूक किया। इस दौरान विभिन्न विभागों ने स्टॉलों व प्रदर्शनी लगाकर लोगों को योजनाओं व सरकारी सेवाओं की जानकारी दी। कोसली विधानसभा क्षेत्र के गांव शादीपुर व भाखली-2 में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मास्टर हुकमचंद यादव, बावल विधानसभा के गांव बासदूधा व बवाना गुर्जर में पूर्व मंत्री हरियाणा जसवंत सिंह, रेवाड़ी विधानसभा के गांव जोनियावास व मालपुरा में भाजपा नेता रामपाल यादव मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में हरियाणा पर्यटन निगम के चेयरमैन डा. अरविंद यादव व पीपीपी कोऑर्डिनेटर डा. सतीश खोला की भी उपस्थिति रही। कोसली विधानसभा के गांव बोहका में युद्धवीर फौगाट व देवलावास में हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन इंजी. कृष्ण कुमार ने यात्रा का स्वागत किया।

### जनता को योजनाओं से जोड़ रही यात्राः हुकुमचंद

पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मास्टर हुकमचंद यादव ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए शुरू की गई है। यात्रा को लेकर समय-समय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मार्गदर्शन अद्भुत रहा है और अब तो यह समय आ गया है कि पूरा देश प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी में अपना विश्वास जता रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा घर-घर जाकर जनता को योजनाओं से जोड़ रही है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष इंद्र राव, मंडल महामंत्री जयराज यादव, अध्यक्ष महिला मोर्चा कीर्ति यादव, बीईओ जाटूसाना राजकुमार जलवा, पंचायत सचिव श्रीभगवान, प्रदेश महामंत्री रामपाल यादव, सरपंच शादीपुर सुदेश देवी, सुंदर सिंह सरपंच प्रतिनिधि, रजनी देवी सदस्य, भाकली-2 में एसडीएम कोसली जयप्रकाश, दुष्यंत यादव चेयरमैन ब्लॉक समिति नाहड़, भूपेंद्र, रामोतार, सुनील, विजय सरपंच भाकली-2, डा. सत्यवीर इंदौरा व राजेन्द्र सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व अधिकारीगण मौजूद थे।

### 25 जनवरी तक सभी जिलों से गुजरेगी यात्रा

*युद्धवीर फोगाट ने कहा कि भारत सरकार की सभी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के नागरिकों तक पहुंचाने और उसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। संकल्प यात्रा देश के सभी जिलों की सभी ग्राम पंचायत और शहरी निकायों में चलेगी जो की 25 जनवरी 2024 तक देश भर के सभी जिलों से होकर गुजरेगी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह यादव, बिजेंद्र जिला संयोजक, सरपंच महिमा, अमित कुमार, पूर्व सरपंच प्रेम यादव ऊंचा, निरंजन सिंह, सुनील, गोलू व अशोक मौजूद थे।*

### मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा

*हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन इंजी. कृष्ण कुमार ने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी को लेकर जो उत्साह गांव-गांव में दिख रहा है, हिन्दुस्तान के हर कोने में दिख रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से देशभर के परिवारों को सरकार की किसी न किसी योजना का लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि गांवों में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी के लोगों तक पहुंचने के बाद उज्ज्वला मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन योजना के नए लाभार्थियों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है।*

### योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार का ध्येयः अरविंद

हरियाणा पर्यटन निगम के चेयरमैन डा. अरविंद यादव ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा उन लोगों तक पहुंचने का एक बड़ा माध्यम बन गई है जो अब तक सरकारी योजनाओं से नहीं जुड़ पाए हैं। यदि कोई पात्र व्यक्ति किसी वजह से सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं ले पाए हैं तो वह अब इस यात्रा के दौरान अपने गांव में ही आवेदन कर योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। इस अवसर पर 1 लाभार्थी को उज्ज्वला गैस कनेक्शन, 4 बुजुर्गों की पेंशन, 6 बीपीएल व 2 गुलाबी कार्ड, 20 पीपीपी त्रुटियां ठीक, 13 लाभार्थियों की आर्थिक स्थिति की जांच करने सहित अन्य सेवाओं का लाभ दिया गया। इस अवसर पर सरपंच प्रियंका यादव, मंडल अध्यक्ष मनोज सैनी, सत्यदेव यादव, सुनील ग्रोवर, अजय कांटीवाल, सावन सैनी, पूर्व सरपंच मलखान सिंह व देवराज मौजूद थे।

## देश के वीर सैनिक भारतवासियों के सुरक्षा कवच

- शहीदों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



एसडीएम होशियार सिंह ने विजय दिवस के अवसर पर स्थानीय वार मेमोरियल पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों का भावपूर्ण स्मरण करते हुए देश की अमूल्य धरोहर बताया। उन्होंने कहा कि आज का दिन भारतीय सेना की अतुलनीय उपलब्धि को पूरा देश विजय दिवस के रूप में मना रहा है। उन्होंने कहा कि शहीद देश की अमूल्य धरोहर होते हैं। शहीदों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता और उनका जीवन हमारे लिए प्रेरणादायक है। जिला सैनिक बोर्ड की ओर से अधिकारियों व कर्मचारियों ने पुष्प चक्र अर्पित कर वीर शहीदों की शहादत को नमन किया। एसडीएम ने कहा कि देश के वीर सैनिक सभी भारत वासियों के सुरक्षा कवच हैं। जवान जब अपनी जान जोखिम में डालकर देश की सीमाओं की कड़ी पहरेदारी करते हैं तब जाकर हम अपने घरों में चैन व सुख की नींद सोते हैं। यह गौरव की बात है कि हरियाणा प्रदेश वीरों की भूमि है और देश की रक्षा में तैनात सैनिकों में रेवाड़ी जिले की उल्लेखनीय भागीदारी है। देश के अमर शहीदों ने हमारे लिए जो बलिदान दिया है हम उनके सदैव ऋणी रहेंगे। उन्होंने कहा कि सैन्य इतिहास में आज के दिन को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है ताकि देश की युवा पीढ़ी को अपने गौरवमयी इतिहास का ज्ञान बेहतर ढंग से कराया जा सके। प्रदेश सरकार की ओर से सैनिकों व पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर लागू किया है, जिसका लाभ उन्हें मिल रहा है। देश की आन-बान-शान के लिए सीमाओं पर तैनात हमारे रणबांकुरों की बदौलत आज हम सुरक्षित हैं।

## खेल नर्सरी के शूटर प्रियांशु ने नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में तीन मेडल जीते

- अकादमी में सरकार की ओर से खेल नर्सरी चलाई जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। प्रियांशु व कोच रमन राव को सम्मानित करते डीएसओ मदनपाल।

भोपाल में हुई 66वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में सेक्टर-4 स्थित राव शूंटिंग स्पोर्ट्स अकादमी के शूटर प्रियांशु यादव ने 10 मीटर एयर पिस्टल यूथ मिक्स ओलंपिक इवेंट में स्वर्ण पदक हासिल किया है। अकादमी में सरकार की ओर से खेल नर्सरी भी चलाई जा रही है। प्रियांशु ने हरियाणा की टीम से खेलते हुए 10 मीटर एयर पिस्टल जूनियर वर्ग में रजत पदक व टीम में खेलते हुए 10 मीटर एयर पिस्टल सीनियर वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। 16 वर्षीय प्रियांशु यादव ने एशियन शूंटिंग चैंपियनशिप साउथ कोरिया में स्वर्ण पदक हासिल कर देश और क्षेत्र का नाम रोशन किया था। आलियावास गांव के रहने वाले प्रियांशु ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, कोच रमन राव एवं अपने दादा मास्टर दिलीप सिंह को दिया है। कोच रमन राव ने बताया के प्रियांशु ने नेशनल में तीन पदक हासिल किए और इसके साथ ही ऑल ओवर इंडिया रैंकिंग में यूथ एवं जूनियर वर्ग में नंबर एक स्थान हासिल किया हैं।

## बच्चों से स्वास्थ्य की देखभाल करने व पौष्टिक आहार लेने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। डॉक्टरों की टीम का सम्मान करते अतिथि व शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

सीएचसी बाल विद्यालय की ओर से गांव करावरा मानकपुर स्थित दी हैरीटेज ग्लेक्सी इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में विशेषज्ञों ने सभी बच्चों के संपूर्ण स्वास्थ्य की जांच की। शिविर में पहुंचने पर स्कूल के डायरेक्टर, नई दिशा युवा मंच के संयोजक निशांत यादव, कमल यादव तथा प्राचार्या रश्मी यादव ने विशेषज्ञ चिकित्सकों का स्वागत किया। बाल रोग विशेषज्ञ डा. अमित यादव, ईएनटी विशेषज्ञ ऑडियोलोजिस्ट डा. अक्षय सक्सेना तथा नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. पूनम यादव ने टीम के साथ विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की। चिकित्सकों ने बच्चों को अपने स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल करने तथा जंक फूट से दूर रहते हुए पौष्टिक आहार लेने की अपील की। बच्चे सवेरे जल्दी उठकर अपनी दिनचर्या में योगासन को भी शामिल करें। स्कूल निदेशक कमल यादव व निशांत यादव ने कहा कि शिक्षण संस्थान का मुख्य उद्देश्य बच्चों का संपूर्ण शारीरिक व मानसिक विकास के साथ-साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए बेहतर माहौल उपलब्ध कराना है। वीएलई पवन कालाका, हरीश, मनीत व सहयोगी सचिन सभी स्टॉफ सदस्य उपस्थित थे।

## गुरु तेग बहादुर ने भारतवर्ष के लिए दिया बलिदान

- बाल दिवस पर सैनी पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी




रेवाड़ी। कार्यक्रम में बच्चों के साथ अतिथिगण। फोटो :हरिभूमि

भारत विकास परिषद जिला शाखा की ओर से शनिवार को गुरु तेग बहादुर बलिदान दिवस एवं वीर बाल दिवस पर सैनी पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि चेतराम सैनी अध्यक्ष सैनी पब्लिक स्कूल ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी ने भारतवर्ष, सभ्यता व संस्कृति की रक्षा के लिए अपना महान बलिदान किया। भारत देश सदा उनका ऋणी रहेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु तेग बहादुर, भारत माता व स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में संत जगदेव सिंह तलवंडी ने गुरु नानक जी से लेकर गुरु गोविंद जी का उल्लेख करते हुए तात्कालिक बादशाह औरंगजेब के धूर्तपूर्ण धर्मांतरण की प्रक्रिया से गुरु तेग बहादुर जी की ओर से किए गए विरोध की जानकारी दी। संत तलवंडी ने बताया की गुरु तेग बहादुर ने कश्मीरी पंडितों के आग्रह पर खुद को औरंगजेब के सम्मुख खड़ा किया और धर्म की रक्षा के लिए अपना शीश कटाकर बलिदान दिया। कार्यक्रम अध्यक्ष व भाविप के प्रांतीय संयोजक प्रशांत गुप्ता ने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने संकट में फंसे तात्कालिक हिंदू समाज के सामने अपने बलिदान से आदर्श स्थापित किया।

### कार्यक्रम में ये मौजूद रहे

कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय सचिव डा. आरबी यादव, अध्यक्ष रमेश, कोषाध्यक्ष रामकिशोर सैनी, हुकुमचंद प्रजापत, नितिन गोयल, अजय गुप्ता, योगेश शर्मा, डा. दीपक सैनी, मदनलाल सैनी, प्रेम कुमार, कृष्ण कुमार, महिला संयोजिका ज्योति शर्मा, कार्यक्रम संयोजक सरदार कश्मीर सिंह व प्राचार्या अनीता यादव उपस्थित थे।

## नाहड़ में शहीदों को दी श्रद्धांजलि

- जिले में गांव नाहड़ के वीरों ने सबसे ज्यादा संख्या में शहादत दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नाहड़



रेवाड़ी। शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए समिति सदस्य। फोटो :हरिभूमि

गांव नाहड़ के शहीद स्मारक पर शनिवार को विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शहीद एवं पूर्व सैनिक अर्धसैनिक कल्याण समिति नाहड़ के अध्यक्ष सूबेदार मेजर अमर सिंह, उपाध्यक्ष महावीर सिंह यादव, सचिव ऑनरेरी कैप्टन रामकिशन भारद्वाज, सूबेदार मेजर रामकुमार यादव, सूबेदार मेजर रामावतार यादव, नायब सूबेदार सुमेर सिंह, सुरेश कुमार यादव, राजेंद्र सिंह, शिवसहाय यादव, नायब सूबेदार बनवारी लाल, सरपंच महेंद्र सिंह यादव, 1971 भारत-पाक युद्ध के शहीद लांस नायक जीतराम यादव के पुत्र उमेद सिंह, शहीद के भाई मास्टर रणवीर सिंह, 1962 चीन भारत युद्ध के शहीद हवलदार ताराचंद के पुत्र मांगेराम, रामचंद्र यादव, राजबीर सिंह यादव व विजय कुमार ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। समिति के संयोजक डा. जय भगवान भारद्वाज ने कहा कि जिले में गांव नाहड़ के वीरों ने सबसे ज्यादा संख्या में शहादत दी है।

शहीदों की बदौलत ही हम खुली हवा में सांस ले रहे है। हमें कभी भी शहीदों के बलिदान का भुलाना नहीं चाहिए।

## ताराचंद को दूसरी बार मिला मैन ऑफ द ईयर अवार्ड

- 25 वर्षों से क्षेत्र में सामाजिक व धार्मिक कार्य करते रहें हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुंड



रेवाड़ी। ताराचंद यादव को अवार्ड से सम्मानित करते बैंक अधिकारी।

गांव जैतपुर निवासी श्री श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष प्रधान ताराचंद यादव को भारतीय जीवन बीमा निगम की ओर से वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिला शाखा में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने लगातार दूसरी बार मैन ऑफ द ईयर के अवार्ड से सम्मानित किया गया है। चीफ मैनेजर राजीव ढींगरा, ब्रांच मैनेजर सोमबीर चिल्लर, डीओ नवल सिंह यादव व सहायक प्रबंधक सचिन यादव ने ताराचंद को सम्मानित किया। प्रधान ताराचंद पिछले 25 वर्षों से लगातार क्षेत्र में सामाजिक व धार्मिक कार्य करते रहते हैं। वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी है तथा समय-समय पर समाज हित में सदैव तत्पर रहते हैं।

## दौड़ में सुब्रोतो सदन बना विजेता

- सैनिक स्कूल में क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। विजेता सदन को ट्राफी प्रदान करते प्राचार्य। फोटो :हरिभूमि

गोठड़ा स्थित सैनिक स्कूल में शनिवार को क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ वर्ग के सदनों के मध्य 7 किलोमीटर, कनिष्ठ वर्ग में 5 किलोमीटर तथा कनिष्ठतम वर्ग में 3 किलोमीटर की दौड़ आयोजित की गई। विद्यालय प्राचार्य ग्रुप कैप्टन आर के यादव ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया। कैडेट्स ने दौड़ में अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति व शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन किया।

विजेता सुब्रोतो सदन को क्रॉस कंट्री ट्रॉफी प्रदान की गई। प्राचार्य ने विजेता प्रतिभागियों को पदक व प्रमाण पत्र वितरित किए। प्राचार्य ने कैडेट्स के जोश व एकाग्रता की सराहना की।

उनहोंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से कैडेट्स में शारीरिक व मानसिक दृढ़ता विकसित होती है तथा उनमें अपने लक्ष्य के प्रति सामूहिक प्रयास से मूल्य संवर्धन भी होता है। इस मौके पर विद्यालय प्रशासनिक अधिकारी मेजर अविनाश कुमार सहित शैक्षिक, प्रशासनिक, एनसीसी व एपीटीसी स्टॉफ उपस्थित थे।